शिक्षा का अधिकार

सर्व शिक्षा अभियान

सब पढ़ें सब बढ़ें

# राज्य शिक्षा केन्द्र

पुस्तक भवन, बी–विंग, अरेरा हिल्स, भोपाल—462 011

दूरभाष : (0755) 2768390, 91, 92, 94, 95 फैक्स : 2552363, 2760561

क्र. / राशिके / पापु / 2022 / 5725 भोपाल, दिनांक 3.10.2022

प्रति,

कलेक्टर

समस्त जिले म.प्र.

विषय – प्रश्न मंच, हिन्दी, अंग्रेजी, विज्ञान एवं गणित ओलम्पियाड सत्र 2022–23 के संबंध में।

उपर्युक्त विषय में लेख है कि सत्र 2022–23 में प्रदेश के समस्त प्राथमिक विद्यालय में अध्ययनरत कक्षा 2 से 5 तक के विद्यार्थियों के लिए अंग्रेजी ओलम्पियाड (Word Power Championship) एवं माध्यमिक विद्यालयों के कक्षा 6 से 8 तक के सभी विद्यार्थियों के लिए प्रश्न मंच (क्विज) प्रतियोगिता, हिन्दी, अंग्रेजी, विज्ञान एवं गणित ओलम्पियाड का आयोजन किया जाना है। संकुल एवं जिला स्तर पर प्रतियोगिता में सहभागिता हेतु पंजीयन आनलाईन पोर्टल के माध्यम से होगा। समस्त प्रतियोगिता के आयोजन हेतु जिला स्तर से ए.पी.सी. अकादमिक नोडल अधिकारी होंगे। प्रतियोगिता का संक्षिप्त विवरण निम्नानुसार है –

प्रतियोगिता के आयोजन की सम्भावित तिथियाँ –

| स्तर | तिथि | प्रतियोगिता स्थल |
|---|---|---|
| संकुल स्तर | 20–11–2022 | प्रत्येक संकुल केन्द्र |
| जिला स्तर | 18–19 दिसम्बर 2022 | प्रत्येक जिले के जिला परियोजना समन्वयक द्वारा निर्धारित विद्यालय |
| राज्य स्तर | 21 से 23 जनवरी 2023 | राज्य द्वारा निर्धारित स्थान |

प्रतियोगिता में विद्यार्थियों के द्वारा सहभागिता निम्नानुसार की जावेगी –

प्राथमिक स्तर –

- अंग्रेजी ओलम्पियाड (Word Power Championship) में प्रत्येक शासकीय प्राथमिक विद्यालय में कक्षा 2 से 5 तक की प्रत्येक कक्षा से 01–01 विद्यार्थी अर्थात् एक विद्यालय से 04 विद्यार्थी संकुल स्तर की प्रतियोगिता में सहभागिता करेंगे।
- संकुल स्तर पर कक्षा 2 एवं 3 के विद्यार्थियों के लिए 01 प्रश्न पत्र एवं कक्षा 4 एवं 5 के विद्यार्थियों के लिए 01 प्रश्न पत्र होगा जिसमें अंग्रेजी भाषा के कुल 30–30 बहुविकल्पीय वस्तुनिष्ठ प्रश्न होंगे।
- प्रत्येक संकुल से कक्षा 2 एवं 3 में से 04 विद्यार्थी तथा कक्षा 4 एवं 5 में से 04 विद्यार्थियों अर्थात् प्रत्येक संकुल से 08 विद्यार्थी जिला स्तर की प्रतियोगिता के लिए चयनित होंगे।
- जिला स्तर की प्रतियोगिता में एक प्रश्न पत्र होगा जिसमें 40–40 बहुविकल्पीय वस्तुनिष्ठ प्रश्न होंगे।
- प्रत्येक जिले से कक्षा 2 एवं 3 में से 01 विद्यार्थी तथा कक्षा 4 एवं 5 में से 01 विद्यार्थी अर्थात् प्रत्येक जिले से 02 विद्यार्थियों का चयन राज्य स्तर की प्रतियोगिता के लिए किया जाएगा।
- सभी स्तर की प्रतियोगिता ओ.एम.आर. शीट पर होगी।

**माध्यमिक स्तर** – प्रत्येक शासकीय माध्यमिक विद्यालय में कक्षा 6 से 8 तक अध्ययन करने वाले विद्यार्थियों की सहभागिता निम्नानुसार होगी

| क्र | कक्षा 6 से 8 में नामांकन | प्रत्येक विद्यालय से संकुल स्तर पर सहभागिता करने वाले विद्यार्थियों की संख्या |
|---|---|---|
| 1 | 1–20 | 03 |
| 2 | 21–40 | 06 |
| 3 | 41–80 | 12 |
| 4 | 81–150 | 15 |
| 5 | 151–500 | 20 |
| 6 | 500 से अधिक | 50 |

- ❖ संकुल स्तर पर माध्यमिक स्तर के लिए एक ही प्रश्न पत्र होगा जिसमें में पॉच खण्ड होंगे– प्रथम खण्ड–प्रश्न मंच, द्वितीय खण्ड–हिन्दी ओलम्पियाड, तृतीय खण्ड–अंग्रेजी ओलम्पियाड, चतुर्थ खण्ड –विज्ञान ओलम्पियाड एवं पंचम खण्ड –गणित ओलम्पियाड। प्रत्येक खण्ड के पृथक्–पृथक् 20–20 प्रश्नों को मिलाकर कुल 100 बहुविकल्पीय वस्तुनिष्ठ प्रश्न होंगे।
- ❖ प्राविण्य सूची विषयवार, खण्डवार पृथक्–पृथक् तैयार की जावेगी।
- ❖ सभी स्तर पर प्रतियोगिता ओ.एम.आर. शीट पर होगी।
- ❖ संकुल स्तर पर प्रत्येक विषय के लिए सर्वाधिक अंको के आधार पर 04–04 विद्यार्थियों का चयन किया जाएगा अर्थात् एक संकुल से कुल 20 विद्यार्थियों का चयन जिला स्तर के लिए होगा।
- ❖ समान अंक प्राप्त होने पर सबसे कम उम्र वाले विद्यार्थी का चयन पहले होगा उसके बाद बढते कम में होगा।
- ❖ जिलों में माध्यमिक स्तर हेतु प्रतियोगिता में पॉचों विषयों के लिए पृथक–पृथक प्रश्न पत्र होंगें जिसमें प्रत्येक विषय से संबंधित बहुविकल्पीय वस्तुनिष्ठ 50–50 प्रश्न होगें।
- ❖ जिला स्तर पर आयोजित ओ.एम.आर. आधारित प्रतियोगिता के आधार पर हिन्दी, अंग्रेजी, गणित एवं विज्ञान ओलम्पियाड में पृथक्–पृथक् 02–02 विद्यार्थियों का चयन राज्य स्तर के लिए होगा।
- ❖ प्रश्नमंच प्रतियोगिता में जिला स्तर पर आयोजित ओ. एम. आर. शीट प्रतियोगिता के परिणाम के आधार पर प्रथम 10 विद्यार्थियों का चयन किया जाएगा।
- ❖ जिला स्तर पर प्रश्नमंच में चयनित 10 विद्यार्थियों में पहले से दसवे स्थान प्राप्त बच्चों में से 02–02 बच्चों की 05 टीम बनाई जाएगी।
- ❖ जिला स्तर पर चयनित 05 टीम के बीच प्रश्न मंच प्रतियोगिता जिले में निर्धारित तिथि को राउण्ड आधारित करवाई जाएगी।
- ❖ जिला स्तर से प्रश्नमंच प्रतियोगिता में चयनित 02 सदस्यों के एक दल का चयन राज्य स्तर के लिए होगा।

## जिला स्तर से अपेक्षा –

- ❖ प्रतियोगिता के अनुसार प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालयों के छात्रों का पंजीयन **दिनांक 07.10.2022 से 20.10.2022** तक करवाना।

- ❖ जिले के डाइट से प्रत्येक विषय से संबंधित 100–100 प्रश्न तैयार करवाकर विद्यालयों को उपलब्ध करवाना तथा छात्रों को इन प्रश्नों का अभ्यास करवाना।
- ❖ कक्षा 2 से 5 तक के विद्यार्थियों को कक्षा स्तर अनुरूप अंग्रेजी भाषा का अध्यापन करवा कर प्रतियोगिता की तैयारी करवाई जाए।
- ❖ प्रदेश के प्रत्येक शासकीय माध्यमिक विद्यालय में अध्ययनरत कक्षा 6 से 8 के सभी विद्यार्थियों को प्रश्न मंच, हिन्दी, अंग्रेजी, विज्ञान एवं गणित ओलम्पियाड हेतु कक्षा 7 वीं तक के पाठ्यक्रम से संबंधित विषय वस्तु का गहराई से अध्यापन करवाया जाए।
- ❖ जिला स्तर पर प्राथमिक स्तर की प्रतियोगिता 01 दिवस में एवं माध्यमिक स्तर की प्रतियोगिता 02 दिवसों में आयोजित होगी।
- ❖ कोई भी विद्यार्थी जिला स्तर से राज्य स्तर के लिए केवल 01 प्रतियोगिता के लिए चयनित किया जावेगा इसका विकल्प (किसी एक विषय हेतु सहमति) विद्यार्थियों से लिखित में प्राप्त किया जाए।
- ❖ जिला स्तर पर चयनित कोई प्रतिभागी यदि राज्य स्तर पर सहभागिता नहीं करना चाहता है उससे लिखित सहमति प्राप्त कर अगले कम वाले विद्यार्थी को अवसर दिया जाए।
- ❖ जिला स्तर से प्राथमिक स्तर के अंग्रेजी ओलम्पियाड में चयनित कक्षा 2 एवं 3 से 01 तथा कक्षा 4 एवं 5 से 01 विद्यार्थी इस प्रकार कुल 02 विद्यार्थियों एवं माध्यमिक स्तर के प्रत्येक विषय प्रश्न मंच, हिन्दी ओलम्पियाड, अंग्रेजी ओलम्पियाड, विज्ञान ओलम्पियाड एवं गणित ओलम्पियाड से 02–02 विद्यार्थी, इस प्रकार प्रत्येक जिले के कुल 12 विद्यार्थियों की सूची राज्य/बीआरसीसी/ प्रधानाध्यापक को उपलब्ध करवाना एवं पोर्टल/एप पर अपलोड करना

संकुल स्तर एवं जिला स्तर की प्रतियोगिताएँ निर्धारित तिथियों में आयोजित की जाए, वित्तीय प्रावधान के संबंध में पृथक् से निर्देश दिए जाएगें, राशि का उपयोग भण्डार कय नियमों का पालन करते हुए किया जाए।

**संलग्न – परिशिष्ट (विस्तृत निर्देश)**

(धनराजू एस) 03/10/2022
संचालक
राज्य शिक्षा केन्द्र

पृ. क./राशिके/2022/5726
भोपाल,दिनांक 03.10.2022

प्रतिलिपि,

1. निज सचिव, माननीय मंत्री, स्कूल शिक्षा विभाग,म.प्र.शासन की ओर सादर सूचनार्थ प्रेषित।
2. प्रमुख सचिव, स्कूल शिक्षा विभाग, म.प्र.शासन की ओर सादर सूचनार्थ प्रेषित।
3. आयुक्त, लोकशिक्षण संचालनालय, भोपाल की ओर सूचनार्थ प्रेषित।
4. आयुक्त,जनजातीय कार्य विभाग,म.प्र.शासन की ओर सूचनार्थ प्रेषित।
5. मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत, समस्त जिले म.प्र. की ओर सूचनार्थ प्रेषित।
6. संयुक्त संचालक, लोकशिक्षण, समस्त सम्भाग, म.प्र. की ओर सूचनार्थ प्रेषित।
7. जिला शिक्षाधिकारी, समस्त जिले म.प्र.की ओर आवश्यक कार्यवाही हेतु।
8. प्राचार्य, IASE/CTE/डाइट समस्त म.प्र. की ओर आवश्यक कार्यवाही हेतु।
9. जिला परियोजना अधिकारी, समस्त जिले, म.प्र की ओर आवश्यक कार्यवाही हेतु।
10. सहायक आयुक्त,जनजातीय कार्य विभाग, संबंधित जिले म.प्र. की ओर आवश्यक कार्यवाही हेतु।
11. विकासखण्ड स्रोत समन्वयक, समस्त विकासखण्ड म.प्र की ओर आवश्यक कार्यवाही हेतु।
12. संकुल केन्द्र प्रभारी, समस्त, म.प्र की ओर आवश्यक कार्यवाही हेतु।
13. प्रधानाध्यापक, समस्त विद्यालय, म.प्र. की ओर आवश्यक कार्यवाही हेतु।
14. नोडल अधिकारी, राज्य शिक्षा केन्द, भोपाल की ओर आवश्यक कार्यवाही हेतु।
15. आई.सी.टी. कक्ष की ओर पोर्टल पर अपलोड़ करने हेतु।

03/10/2022
संचालक
राज्य शिक्षा केन्द्र

# परिशिष्ट – अ

## प्रतियोगिता में सहभागिता करने वालों का विवरण –

**प्राथमिक स्तर–1.** प्रत्येक शासकीय प्राथमिक विद्यालय में कक्षा 2 से 5 तक की प्रत्येक कक्षा से 01–01 विद्यार्थी अर्थात् एक विद्यालय से 04 विद्यार्थी संकुल स्तर की प्रतियोगिता में सहभागिता करेंगे। इस प्रकार प्रदेश के कुल 79646 प्राथमिक विद्यालयों से 318584 विद्यार्थी संकुल स्तर पर सम्मिलित होंगे।

**2.** संकुल स्तर पर कक्षा 2 एवं 3 के विद्यार्थियों के लिए 01 प्रश्न पत्र एवं कक्षा 4 एवं 5 के विद्यार्थियों के लिए 01 प्रश्न पत्र होगा जिसमें अंग्रेजी भाषा के कुल 30–30 वस्तुनिष्ठ प्रश्न होंगे तथा परीक्षा प्रातः 11:00 से दोपहर. 12:30 बजे तक आयोजित होगी।

**3.** प्रत्येक संकुल से कक्षा 2 एवं 3 में से कुल 04 विद्यार्थी तथा कक्षा 4 एवं 5 में से कुल 04 विद्यार्थियों का चयन जिला स्तर की प्रतियोगिता के लिए किया जाएगा।

**4.** जिला स्तर पर प्रतियोगिता में 40–40 वस्तुनिष्ठ प्रश्न होंगे तथा परीक्षा का समय प्रातः 12:00 से दोपहर. 1:30 बजे तक होगा

5. प्रत्येक जिले से कक्षा 2 एवं 3 में से कुल 01 विद्यार्थी तथा कक्षा 4 एवं 5 में से कुल 01 विद्यार्थियों का चयन राज्य स्तर की प्रतियोगिता के लिए किया जाएगा।

माध्यमिक स्तर

| स्तर | प्रतियोगिता करवाने वाले संस्थानों की संख्या | सहभागिता करने वाले छात्रों की संख्या | चयनित विद्यार्थियों की संख्या |
|---|---|---|---|
| विद्यालय स्तर | 30049 | 30049 शालाओं के समस्त छात्र अनुमानित संख्या 2500000 | प्रत्येक माध्यमिक विद्यालय में कक्षा 6 से 8 तक में विद्यार्थियों की संख्या अनुसार सहभागिता निम्नानुसार होगी –<br>1. नामांकन 1–20 से 03 विद्यार्थी<br>2. नामांकन 21–40 में से 06 विद्यार्थी<br>3. नामांकन 41–80 में से 12 विद्यार्थी<br>4. नामांकन 81–150 में से 15 विद्यार्थी<br>5. नामांकन 151–500 में से 20 विद्यार्थी<br>6. नामांकन 500 से ज्यादा में से 50 विद्यार्थी<br>इस प्रकार से संकुल स्तर पर सहभागिता करने वाले **368179** विद्यार्थी |
| संकुल स्तर | 3099 | **368179** विद्यार्थी ओ.एम.आर. शीट आधारित प्रतियोगिता में सम्मिलित होंगे प्रतियोगिता में एक ही प्रश्न पत्र होगा जिसमें पाँचों विषयों से संबंधित 20–20 | 04 विद्यार्थी प्रति विषय प्रति संकुल, अर्थात एक विषय के लिए 3099 संकुलों में से 12396 विद्यार्थी तथा 05 विषयों में कुल 61980 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | प्रश्न पूछे जाऐंगें जिसके लिए 2:30 घण्टे का समय प्रातः 11:00 से 1:30 बजे तक निर्धारित होगा | विद्यार्थी जिला स्तर के लिए चयनित होंगे जो जिला स्तरीय प्रतियोगिता में सहभागिता करेंगे |
| जिला स्तर | 52 | एक विषय के लिए 12396 विद्यार्थी , 05 विषयों में कुल 61980 विद्यार्थी ओ.एम.आर शीट आधारित प्रतियोगिता में सम्मिलित होंगे।<br>इस स्तर पर प्रतियोगिता में पॉचों विषयों के लिए पृथक–पृथक प्रश्न पत्र होंगें जिसमें प्रत्येक विषय से 50–50 प्रश्न होगें। यह प्रतियोगिता 2 दिवसों में आयोजित की जाएगी जिसमें प्रत्येक के लिए 1:30 घण्टे का समय होगा।<br>• प्रथम दिवस प्रश्न मंच प्रतियोगिता सुबह 10:30 से 12:00 बजे तक तथा हिन्दी . ओलम्पियाड प्रतियोगिता दोपहर 12:45 से 2:15 बजे तक तथा अंग्रेजी ओलम्पियाड प्रतियोगिता दोप. 3:00 से 4:30 बजे तक<br>• द्वितीय दिवस विज्ञान ओलम्पियाड प्रतियोगिता प्रातः 10:30 से 12:00 बजे तक तथा गणित ओलम्पियाड प्रतियोगिता दोपहर 1:00 से 2:30 बजे तक आयोजित होगी।<br>• प्रश्नमंच प्रतियोगिता में जिला स्तर पर आयोजित ओ एम आर शीट प्रतियोगिता से 10 विद्यार्थियों का चयन किया .जाएगा जिनमें से 02–02 विद्यार्थियों के 05 दल बनाकर पृथक दिवस दोप. 12:00 से 4:00 बजे तक राउण्ड आधारित प्रतियोगिता करवाई जाएगी जिसमें 02 विद्यार्थियों के एक दल का चयन राज्य स्तर के लिए किया जाएगा | प्रत्येक जिले से 02 विद्यार्थी प्रति विषय चयनित किए जाएगें अर्थात् 05 विषयों से 10 विद्यार्थी चयनित किए जाएगे<br>राज्य स्तर की प्रतियोगिता / सम्मान समारोह के लिए विद्यार्थी किसी एक ही विषय में सहभागिता कर सकेंगे। अर्थात् 52 जिलों से 520 विद्यार्थी राज्य स्तर पर सहभागिता करेंगे |
| राज्य स्तर | 01 | प्रश्न मंच – 104<br>हिन्दी ओलम्पियाड – 104<br>अंग्रेजी ओलम्पियाड – 104<br>विज्ञान ओलम्पियाड – 104 | राज्य स्तर के कार्यकम की जानकारी पृथक् से दी जावेगी |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | गणित ओलम्पियाड – 104<br>अंग्रेजी ओलम्पियाड कक्षा 2 से 5 – 104<br>**कुल प्रतिभागी – 624** | |

# परिशिष्ट – ब

**प्रत्येक स्तर हेतु अनुमानित बजट – प्रतियोगिता हेतु निर्धारित व्यय राष्ट्रीय आविष्कार अभियान एवं प्रबन्धन मद से किया जाना प्रस्तावित है –**

| स्तर | अनुमानित व्यय | कार्य |
|---|---|---|
| विद्यालय स्तर | विद्यालय से संकुल स्तर पर सहभागिता के लिए प्रति विद्यार्थी रु. 50/– (पचास रुपये) के मान से व्यय किया जाए | यात्रा व्यय, आकस्मिक निधि से विद्यालय द्वारा |
| संकुल स्तर | 3099 X 1000 = 30,99,000 | आकस्मिक व्यय, प्रतियोगिता व्यवस्था |
| जिला स्तर | 86772 X 300 = 2,60,31,600 | यात्रा व्यय, विद्यार्थी एवं शिक्षक पृथक्–पृथक् |
| | 52 X 10,000 = 5,20,000 | आकस्मिक व्यय, प्रतियोगिता व्यवस्था |
| | 86772 X 100 = 86,77,200 | भोजन व्यवस्था व्यय विद्यार्थी एवं शिक्षक/अभिभावक |

# परिशिष्ट – स

## विस्तृत कार्ययोजना

विद्यालय स्तर से अपेक्षा –

- ❖ प्रत्येक शासकीय प्राथमिक विद्यालय में अध्ययनरत कक्षा 2 से 5 के समस्त विद्यार्थियों हेतु कक्षा स्तर अनुरूप अंग्रेजी भाषा का विस्तृत अध्ययन करवाया जाए।
- ❖ प्रदेश के प्रत्येक शासकीय माध्यमिक विद्यालय में अध्ययनरत कक्षा 6 से 8 के सभी विद्यार्थियों को प्रश्न मंच, हिन्दी, अंग्रेजी, विज्ञान एवं गणित ओलम्पियाड हेतु कक्षा 7 वीं तक के पाठ्यक्रम से संबंधित विषय वस्तु का गहराई से अध्यापन करवाया जए।
- ❖ प्रश्न मंच प्रतियोगिता में निम्नांकित विषयों से प्रश्नों को सम्मिलित किए जाएँगे –

| क्र. | विषय |
|---|---|
| 1 | विश्व इतिहास |
| 2 | प्राचीन भारत |
| 3 | मध्य भारत |
| 4 | आधुनिक भारत |
| 5 | भूगोल |
| 6 | विज्ञान एवं गणित |
| 7 | खेल |
| 8 | सिनेमा एवं संस्कृति |
| 9 | समसामयिक(अन्तर्राष्ट्रीय) |
| 10 | समसामयिक (राष्ट्रीय) |
| 11 | मध्यप्रदेश से संबंधित |
| 12 | भारत का संविधान |
| 13 | राजनीति |

- ❖ जिले के डाइट द्वारा उपलब्ध करवाएँ गए प्रत्येक विषय से संबंधित 100–100 प्रश्नों से छात्रों को अभ्यास करवाएगे।
- ❖ विद्यालय स्तर से चयनित विद्यार्थी प्रश्न मंच, हिन्दी, अंग्रेजी, विज्ञान, एवं गणित ओलम्पियाड की संकुल स्तर की प्रतियोगिता में भाग लेंगे।
- ❖ संकुल केन्द्र के लिए प्रतियोगिता हेतु निर्धारित तिथि पर संकुल केन्द्र पर चयनित विद्यार्थियों से सहभागिता करवाने का उत्तर दायित्व प्राचार्य/प्रधानाध्यापक का होगा।
- ❖ समस्त विद्यार्थियों के लिए वस्तुनिष्ठ प्रश्नों पर आधारित लिखित परीक्षा ओ.एम.आर.शीट पर होगी।
- ❖ विद्यार्थी अपने साथ काले अथवा नीले रंग का बाल पेन लेकर जावेंगे।
- ❖ संकुल केन्द्र स्तर तक विद्यार्थियों को उपस्थित कराने में जो व्यय भार आएगा उसे शाला प्रबन्धन मद से विद्यालय द्वारा व्यय किया जा सकेगा।
- ❖ विद्यार्थियों के जिला स्तर के लिए चयनित होने पर उनकी उपस्थिति जिला स्तर पर आयोजित प्रतियोगिता में करवाने के पश्चात विद्यार्थी एवं शिक्षक के यात्रा देयकों का भुगतान जिला शिक्षा केन्द्र द्वारा किया जावेगा।

**संकुल केन्द्र स्तर से अपेक्षा –**

- सभी जनशिक्षक यह सुनिश्चित करेंगे कि प्रत्येक प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला में से चयनित बच्चों की सूची प्राप्त कर राज्य द्वारा उपलब्ध कराए गए पोर्टल/एप पर पंजीयन करेंगे एवं संकुल को भी उपलब्ध करवाएँगें।
- संकुल केन्द्र प्रभारी अपने अधीनस्थ सभी प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालयों की संख्या अनुसार राज्य द्वारा निर्धारित तिथि पर बच्चों की बैठक एवं प्रतियोगिता संबंधी अन्य आवश्यक व्यवस्थाएँ सुनिश्चित करेंगे।
- प्रतियोगिता तिथि के एक दिवस पूर्व बीआरसीसी से विद्यार्थी की संख्या के मान से सीलबन्द प्रश्न पत्र एवं ओ.एम.आर. शीट तथा प्रमाण पत्र प्राप्त करेगें
- प्रतियोगिता निर्धारित तिथि को प्राथमिक स्तर के लिए प्रातः 11:00 बजे से दोप 12:30 बजे तथा माध्यमिक स्तर के लिए प्रातः 11:00 बजे से दोप 1:30 बजे तक आयोजित होगी।
- प्राथमिक स्तर पर कक्षा 2 एवं 3 तथा 4 एवं 5 के लिए अलग–अलग प्रश्न पत्र होंगे जिसमें अंग्रेजी भाषा से संबंधित 30–30 वस्तुनिष्ठ प्रश्न होगें।
- माध्यमिक स्तर पर प्रश्न पत्र का स्वरूप इस प्रकार होगा कि प्रथम खण्ड प्रश्न मंच, द्वितीय खण्ड हिन्दी ओलम्पियाड, तृतीय खण्ड अंग्रेजी ओलम्पियाड, चतुर्थ खण्ड विज्ञान ओलम्पियाड एवं पंचम खण्ड गणित ओलम्पियाड का होगा जिसमें प्रत्येक खण्ड के 20–20 प्रश्नों को मिलाकर कुल 100 प्रश्न होंगे।
- प्रत्येक प्रश्न के अंक समान होंगे, प्राविण्य सूची खण्डवार पृथक्–पृथक् तैयार की जावेगी।
- प्रतियोगिता ओ.एम.आर. शीट पर होगी।
- प्रतियोगिता में ओ.एम.आर शीट भरने का कार्य काले अथवा नीले बालपेन से ही किया जाना है।
- प्रतियोगिता उपरान्त प्रश्न पत्र विद्यार्थियों को ले जाने की अनुमति रहेगी।
- प्रतियोगिता उपरान्त ओ.एम.आर. शीट को सीलबन्द कर लिफाफे में इस प्रकार पैक किया जाए की वह मुडे नहीं और ना ही फटे।
- सील बन्द लिफाफा एवं नामिनल रोल सभी संकुल प्रभारियों द्वारा बीआरसीसी को उपलब्ध करवाएँगे
- सहभागिता करने वाले समस्त बच्चों को राज्य द्वारा उपलब्ध करवाएँ गए सहभागिता प्रमाण पत्र संकुल प्राचार्य द्वारा हस्ताक्षर कर दिए जावेंगे।
- प्राथमिक स्तर पर कक्षा 2 एवं 3 में से 4 एवं कक्षा 4 एवं 5 में से 04 विद्यार्थियों का चयन किया जावेगा अर्थात् एक संकुल से 08 विद्यार्थी जिला स्तर पर सहभागिता करेंगें।
- संकुल स्तर पर प्रत्येक खण्ड से सर्वाधिक् अंको के आधार पर 04–04 विद्यार्थियों का चयन किया। जाएगा अर्थात् एक संकुल से कुल 20 विद्यार्थियों का चयन होगा।
- समान अंक प्राप्त होने पर सबसे कम उम्र वाले का चयन पहले होगा उसके बाद बढते कम में होगा
- शेष बचे अप्रयुक्त प्रश्न पत्रों को विद्यालयों को अभ्यास हेतु वितरित करेंगे।

**विकासखण्ड स्तर से अपेक्षा –**

- संकुल स्तर की प्रतियोगिता हेतु प्रश्न पत्र, ओएमआर शीट तथा प्रमाण पत्र जिला शिक्षा केन्द्र से प्राप्त कर संकुल केन्द्रों को उपलब्ध कराएँगे।
- संकुल स्तर प्रतियोगिता उपरान्त संकुल स्तर से प्राप्त सील बन्द ओ.एम.आर शीट एवं नामिनल रोल डी.पी.सी को उपलब्ध कराएँगे।

- ❖ संकुल स्तर के मूल्यांकन उपरान्त डी.पी.सी. से परीक्षा परिणाम प्राप्त कर प्रत्येक विषय के प्रथम 04–04 विद्यार्थियों के नाम संकुल को उपलब्ध कराना तथा संकुलवार राज्य द्वारा उपलब्ध कराए गए पोर्टल/एप पर अपलोड करवाना।
- ❖ समान अंक प्राप्त होने पर सबसे कम उम्र वाले विद्यार्थी का चयन पहले होगा उसके बाद बढते क्रम में होगा।
- ❖ विषयवार, संकुलवार चयनित 04–04 विद्यार्थियों की सूची जिले को उपलब्ध करावाना।
- ❖ प्रश्न पत्र प्राप्त करने, वितरण करने एवं जमा करने में आने वाले व्यय को बीआरसीसी कार्यालय के प्रबन्धन मद से व्यय किया जाना है।

**जिला स्तर से अपेक्षा –**

- ❖ सम्पूर्ण कार्यक्रम (सभी स्तरों के लिए) के लिए ए.पी.सी. अकादमिक जिले के नोड़ल अधिकारी के होंगे।
- ❖ समस्त जिलों के डाइट द्वारा प्रत्येक विषय से संबंधित 100–100 प्रश्न तैयार कर अपने ज़िलों के प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालयों को छात्रों के अभ्यास हेतु उपलब्ध करवाएगे।
- ❖ राज्य स्तर से संकुल एवं जिला स्तर हेतु सीलबन्द प्रश्न पत्र, ओ.एम.आर.शीट एवं प्रमाण पत्र प्राप्त करना।
- ❖ संकुल स्तर की प्रतियोगिता के लिए प्रश्न पत्र, ओएमआर शीट तथा प्रमाण पत्र बीआरसीसी को वितरण करना।
- ❖ बीआरसीसी से संकुल स्तर की प्रतियोगिता उपरान्त सील बन्द ओ.एम.आर शीट एवं नामिनल रोल प्राप्त करना
- ❖ जिलें को प्राप्त संकुलवाल ओ.एम.आर शीट एवं नामिनल रोल संभाग के सीटीई/आईएएसई/संभागीय डाइट को मूल्यांकन हेतु उपलब्ध करना।
- ❖ सीटीई/आईएएसई/संभागीय डाइट से संकुल स्तर का परीक्षा परिणाम प्राप्त कर बीआरसीसी को उपलब्ध करवाना।
- ❖ संकुल स्तर पर चयनित प्राथमिक एवं माध्यमिक के प्रत्येक विषय में प्रथम 04–04 विद्यार्थियों की सूची सभी बीआरसीसी से प्राप्त करना एवं पोर्टल/एप पर अपलोड करना
- ❖ सम्पूर्ण प्रकिया में होने वाला व्यय जिला शिक्षा केन्द्र द्वारा प्रबन्धन मद से किया जाएगा
- ❖ जिला स्तर हेतु राज्य स्तर से सील बन्द विषयवार प्रश्न पत्र, ओ.एम.आर. शीट तथा प्रमाण पत्र प्राप्त करना
- ❖ सभी विषयों के प्रश्न पत्र एवं ओ.एम.आर. शीट प्रतियोगिता हेतु निर्धारित तिथि को जिले द्वारा निर्धारित परीक्षा केन्द्र को उपलब्ध करवाना
- ❖ जिला स्तर पर प्राथमिक स्तर की प्रतियोगिता 01 दिवस में एवं माध्यमिक स्तर की प्रतियोगिता 02 दिवसों में आयोजित होगी।
- ❖ प्राथमिक स्तर की परीक्षा समय दोप. 12:00 से 1:30 बजे तक होगी तथा परीक्षा में 40 वस्तुनिष्ठ प्रश्न होंगे।

- जिलों में माध्यमिक स्तर हेतु प्रतियोगिता में पॉचों विषयों के लिए पृथक–पृथक प्रश्न पत्र होंगें जिसमें प्रत्येक विषय से संबंधित 50–50 प्रश्न होगें।
- प्रत्येक विषय के प्रश्नपत्र के लिए 1:30 घण्टे का समय होगा।
- प्रथम दिवस प्रश्न मंच प्रतियोगिता प्रातः 10:30 से 12:00 बजे तक
- प्रथम दिवस हिन्दी ओलम्पियाड प्रतियोगिता दोपहर 12:45 से 2:15 बजे तक
- प्रथम दिवस अंग्रेजी ओलम्पियाड प्रतियोगिता दोप. 3:00 से 4:30 बजे तक आयोजित होगी

- द्वितीय दिवस विज्ञान ओलम्पियाड प्रतियोगिता प्रातः 10:30 से 12:00 बजे तक
- द्वितीय दिवस गणित ओलम्पियाड प्रतियोगिता दोपहर 1:00 से 2:30 बजे तक होगी।
- ❖ जिला स्तर की प्रतियोगिता उपरान्त केन्द्राध्यक्ष से विषयवार सीलबन्द ओ.एम.आर. एवं नामिनल शीट प्राप्त करना एवं मूल्यांकन हेतु संभागीय सीटीई/आईएएसई/डाइट को उपलब्ध करवाना
- ❖ प्रतियोगिता का परीणाम सीटीई/आईएएसई/डाइट से प्राप्त करना
- ❖ प्रश्नमंच प्रतियोगिता में जिला स्तर पर आयोजित ओ एम आर शीट प्रतियोगिता के परिणाम के आधार पर प्रथम 10 विद्यार्थियों का चयन किया जाएगा।
- ❖ प्रश्नमंच प्रतियोगिता में जिला स्तर पर चयनित 10 बच्चों में पहले से दसवे स्थान प्राप्त बच्चों में से 02–02 बच्चों की 05 टीम निम्नानुसार बनाई जाए –

| टीम | प्रतिभागी 1 | प्रतिभागी 2 |
|---|---|---|
| 1 | प्रथम स्थान प्राप्त | दशम स्थान प्राप्त |
| 2 | द्वितीय स्थान प्राप्त | नवम स्थान प्राप्त |
| 3 | तृतीय स्थान प्राप्त | अष्टम स्थान प्राप्त |
| 4 | चतुर्थ स्थान प्राप्त | सप्तम स्थान प्राप्त |
| 5 | पंचम स्थान प्राप्त | षष्ठ स्थान प्राप्त |

- ❖ जिला स्तर पर प्रश्न मंच प्रतियोगिता चयनित 05 टीम के मध्य निर्धारित तिथि को राउण्ड आधारित करवाई जाएगी

**जिला स्तर पर प्रश्न मंच प्रतियोगिता चयनित 05 टीम के मध्य 04 राउण्ड आधारित होगी जिसका विवरण निम्नानुसार है –**

| क | स्तर | राउंड | प्रकिया | प्रश्न | समय | अंक | विशेष |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | जिला | प्रथम | **पास राउण्ड** | 02–02 प्रश्न प्रत्येक टीम से<br>प्रश्न पास होने पर | टीम द्वारा 2 मिनट<br>पास होने पर 30 सेकंड | सही उत्तर पर 10 अंक<br>पास किए गए प्रश्न पर 5 अंक | प्रश्न पास होगा |
| | | द्वितीय | **चित्र/आडियो/वीडियो** | चित्र दिखाकर या आडियो सुनाकर या वीडियो दिखाकर प्रत्येक टीम से 02–02 प्रश्न | टीम द्वारा 2 मिनट<br>पास होने पर 30 सेकंड | सही उत्तर पर 10 अंक<br>पास किए गए प्रश्न पर 5 अंक | प्रश्न पास होगा |
| | | तृतीय | **विषय चयन**<br>• प्रत्येक टीम द्वारा किसी एक विषय का चयन (इतिहास,भूगोल, राजनीति, खेल , | प्रत्येक टीम से चयनित विषय पर 03 प्रश्न पूछे जाए | 1 मिनट | सही उत्तर पर 10 अंक<br>गलत उत्तर पर कोई अंक नहीं | प्रश्न पास नहीं होगा |

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | सिनेमा एवं संस्कृति, पुस्तक एवं लेखक) सबसे कम स्कोर वाली टीम से आरंभ कर विषय का चयन करने का अवसर दिया जाए | | | | |
| | | चतुर्थ | **रेपिड फायर** | प्रत्येक टीम से 05–05 प्रश्न<br>टाई होने पर पुनः 03 प्रश्न पूछे जाए<br>प्रश्न निर्धारित 13 विषयों से | 2 मिनट<br>टाई होने पर 2 मिनट | सही उत्तर पर 05 अंक<br>गलत उत्तर पर 02 अंक काटे जाए | प्रश्न पास नहीं होगा |

- जिला स्तर पर चयनित 02 विद्यार्थियों के एक दल का चयन राज्य स्तर के लिए किया जाएगा
- जिला स्तर से प्राथमिक स्तर के अंग्रेजी ओलम्पियाड के लिए चयनित कक्षा 2 एवं 3 से 01 तथा कक्षा 4 एवं 5 से 01 विद्यार्थी इस प्रकार कुल 02 विद्यार्थियों के नाम राज्य/बीआरसीसी/प्रधानाध्यापक को उपलब्ध करवाना एवं पोर्टल/एप पर अपलोड करना
- जिला स्तर पर चयनित प्रत्येक विषय में प्रथम 02–02 विद्यार्थियों की सूची अर्थात् प्रश्न मंच, हिन्दी ओलम्पियाड, अंग्रेजी ओलम्पियाड, विज्ञान ओलम्पियाड एवं गणित ओलम्पियाड से 02–02 विद्यार्थी, इस प्रकार प्रत्येक जिले के 10 विद्यार्थियों की सूची राज्य/बीआरसीसी/प्रधानाध्यापक को उपलब्ध करवाना एवं पोर्टल/एप पर अपलोड करना
- कोई भी विद्यार्थी राज्य स्तर के लिए केवल 01 प्रतियोगिता के लिए चयनित किया जावेगा इसका विकल्प (किसी एक विषय हेतु सहमति) विद्यार्थियों से लिखित में प्राप्त किया जाए।
- समान अंक प्राप्त होने पर सबसे कम उम्र वाले विद्यार्थी का चयन पहले होगा उसके बाद बढते कम में चयन होगा
- जिला स्तर पर चयनित कोई प्रतिभागी यदि राज्य स्तर पर सहभागिता नहीं करना चाहता है उससे लिखित सहमति प्राप्त कर अगले कम वाले विद्यार्थी को अवसर दिया जाए।
- जिला स्तर पर प्रतियोगिता में सम्मिलित सभी प्रतिभागी एवं शिक्षकों के लिए भोजन की व्यवस्था की जाए
- जिला स्तर पर सभी सहभागी विद्यार्थियों को कलेक्टर के हस्ताक्षर से प्रमाण पत्र दिए जाए
- भोजन हेतु प्रति सहभागी एवं शिक्षक/अभिभावक हेतु राशि रु. 50–50 रुपये (पचास–पचास रुपये) व्यय की जा सकेगी
- सहभागिता करने वाले विद्यार्थी एवं शिक्षक/अभिभावक के यात्रा देयकों का भुगतान जिला शिक्षा केन्द्र के प्रबन्धन मद से किया जाए
- समान अंक प्राप्त होने पर सबसे कम उम्र वाले का चयन पहले होगा उसके बाद बढते कम में होगा

- ❖ राज्य स्तर के लिए चयनित जिले की टीम के छात्र/छात्राओं के नाम सम्पूर्ण विवरण सहित निर्धारित फार्मेट में राज्य शिक्षा केन्द्र के ईमेल पर भेजना

**राज्य स्तर के लिए निर्देश पृथक् से जारी किए जाएगें।**

अंग्रेजी ओलम्पियाड़, प्रश्न मंच एवं ओलम्पियाड में प्रत्येक विषय में राज्य स्तर के लिए चयनित 02–02 विद्यार्थियों का सम्पूर्ण विवरण निम्न फार्मेट में ईमेल pathyakram2020@gmail.com में पर भेजना सुनिश्चित करें–

| जिले का नाम | विधा | दल के प्रतिभागियों के नाम (पिता के नाम सहित) | कक्षा | संकुल एवं विकासखण्ड का नाम | मोबाईल नं. | शिक्षक/शिक्षिका का नाम, मो.न. |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |
| | | | | | | |